नगर निगम, शाहजहाँपुर।
**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक 28.08.2020**

- **वित्त चिकित्सा,शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार मा0 मंत्री जी श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज मो0 वजीरगंज स्थित अन्योष्टि स्थल का लोकार्पण किया गया ।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 28.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विषेष सफाई अभियान।**

1. वित्त चिकित्सा,शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार मा0 मंत्री जी श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज मो0 वजीरगंज स्थित अन्योष्टि स्थल का लोकार्पण किया गया इसके साथ ही मा0 मंत्री ने अन्योष्टि स्थल पर वृक्षारोपण किया। मा0 मंत्री जी के साथ सांसद श्री अरूण कुमार सागर जी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री जी सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि,जिलाध्यक्ष श्री हरीप्रकाश वर्मा,समाजसेवी श्री दौलतराम एड0 एवं अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी जी, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त,मुख्य अभियन्ता (सिविल),महाप्रबन्धक (जल),नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकगण एवं अधिकारीगण कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 28.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विषेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देषित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंषन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेषन एवं फ़ागिंग का कार्य खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, फत्तेपुर, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिष्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देष दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिष्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिष्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देषित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देषित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिष्चित करें ।

Generated by CamScanner

इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 28.08.2020 को **महमंद जलालनगर,चमकनी,महमंद जंगला,महमानशाह,फत्तेपुर रेती** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 28.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देषानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेषन, फागिंग, कीटनाषक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विषेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंषन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देषित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner